दिनांक 13 जुलाई 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

शहर के प्रमुख विकास कार्यों का जायजा लेने कई क्षेत्रों में पहुंचे निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी आज अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की बैठक लेने के पश्चात शहर में चल रहे प्रमुख कार्यों का निरीक्षण करने सीधे स्पॉट पर पहुंचे! उन्होंने 3 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे बैकुंठधाम के पास सर्व समाज मांगलिक भवन के हर कार्यों का निरीक्षण किया , भवन के प्रत्येक कक्ष में पहुंचे , कुछ कमरों में कलर कॉन्बिनेशन अच्छा न होने पर नाराजगी जाहिर की , उन्होंने कहा कि मांगलिक भवन के निर्माण के प्रत्येक कार्य गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, भीतरी सुंदरता के साथ ही कैंपस के ब्यूटीफिकेशन का भी पूरा ध्यान रखा जाए! बता दें कि शहर में सर्व सुविधा युक्त डॉ. भीमराव अंबेडकर मांगलिक भवन का निर्माण किया जा रहा है जो कि अंतिम चरण की ओर है! पेंटिंग एवं ब्यूटीफिकेशन , लाइटिंग, विद्युतीकरण जैसे कुछ कार्य प्रगति पर है! वही मांगलिक भवन के सुंदरता के लिए तैयार किया गया ड्राइंग डिजाइन का अवलोकन भी आयुक्त महोदय ने किया!

शुद्ध पेयजल प्रदाय हो इसके लिए निगमायुक्त श्री रघुवंशी पहुंचे मोहल्ले के अंतिम छोर तक निगम क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की निरंतरता बनी रहे इसके लिए आयुक्त श्री रघुवंशी लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं! विगत दिन ही उन्होंने जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया था! आज खुर्सीपार के कुछ क्षेत्रों में मोहल्ले के अंतिम छोर तक आयुक्त पहुंचे वहां पर फ्लशिंग कार्य का उन्होंने अवलोकन किया , शुद्ध पेयजल प्रदाय हो रहा हैं या नहीं उन्होंने मोहल्ले वासियों से पूछा इस पर तापसी घोष , महादेवी नागेश एवं अन्य ने साफ पानी आने की बात बताई , वही कई घरों से पानी का सैंपल लिया गया , निरंतर इन क्षेत्रों के पानी का सैंपल लेकर लैब में परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है! मोहल्ले के प्रत्येक डेड एंड का फ्लशिंग कार्य किया जा रहा है जिससे लोगों को शुद्ध पेयजल प्रदाय हो रहा है! वॉल चेंबर के लीकेज वाले संभावित स्थलों को निरीक्षण करते हुए दुरुस्त किया जा रहा है! कुछ दिन पूर्व ही खुर्सीपार के उच्चस्तरीय पानी टंकी की भी सफाई की गई है! लोगों को शुद्ध पेयजल प्रदाय करने निगम के जलकार्य विभाग की टीम मुस्तैदी से कार्य कर रही है! प्रत्येक जोन पेयजल की शुद्धता को लेकर अलर्ट है और कहीं भी शिकायत प्राप्त होने पर तत्परता से कार्यवाही कर रही है!

कोसानाला चैनेलाइजेशन कार्य का निरीक्षण शहर के प्रमुख विकास कार्य कोसानाला चैनेलाइजेशन कार्य का निरीक्षण भी आयुक्त महोदय ने आज किया , उन्होंने कार्य की धीमी गति पर असंतोष जाहिर किया और प्रगति लाने के निर्देश दिए , नाला के बस्ती क्षेत्र से लगे हुए स्थल से चैनेलाइजेशन

का कार्य प्रारंभ किया गया है ताकि बस्तियों में नाला का पानी न घुस सके! आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि सीमांकन अनुरूप ही नाला का विकास कार्य हो इस पर अधिकारियों ने बताया कि इस अनुरूप ही कार्य किया जा रहा है तथा कार्य की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है! निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , अधीक्षण अभियंता यूके धलेंद्र , जोन आयुक्त प्रीति सिंह , अमिताभ शर्मा, मनीष गायकवाड, कार्यपालन अभियंता डीके वर्मा , संजय बागडे, सहायक अभियंता सुनील दुबे, अखिलेश चंद्राकर एवं अन्य मौजूद रहे!